रजिस्ट्री सं० डी—(डी एन) 128/90 REGISTERED NO. D—(DN) 128/90

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 45] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 10, 1990 (कार्तिक 19, 1912)
No. 45] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 10, 1990 (KARTIKA 19, 1912)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

## भाग III—खण्ड 4
## [PART III—SECTION 4]

### सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

### [Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

शहरी बैंक विभाग

बम्बई-400018, दिनांक 16 अक्तूबर 1990

यू०बी०डी०बी०आर० 105/ए० 18-90/91—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के खण्ड (यक) के साथ पठित धारा 36ए की उप-धारा (2) के अनुसरण में भारतीय रिज़र्व बैंक एतदद्वारा यह अधिसूचित करता है कि उक्त अधिनियम के तात्पर्य के अंतर्गत निम्नलिखित प्राथमिक सहकारी बैंक (वेतनभोगी समिति) सहकारी बैंक नहीं रहा।

| समिति का नाम | राज्य |
| --- | --- |
| गवर्नमेन्ट इम्पलाइज को-आपरेटिव सोसाइटी लि० ए० 245, आय कुलम, एलेप्पी | केरल |

जी० के० उदेशी,
मुख्य अधिकारी

भारतीय स्टेट बैंक

बैंकिंग परिचालन विभाग

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई-400021, दिनांक 10 नवम्बर 1990

सूचना

सं० सी०ओ०/बी०ओ०डी०/पी० एण्ड एल०/281—यह सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य रजिस्टर तथा शाखा रजिस्टर सोमवार 26 नवम्बर 1990 से सोमवार 3 दिसम्बर 1990 दोनों दिन शामिल कर के, शेयर अन्तरण के लिए बन्द रहेंगे ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के शेयरधारियों के लिए प्रस्तावित शेयर पावना का निर्धारण किया जा सके।

## भारतीय स्टेट बैंक की शेयर पूंजी में वृद्धि करने की योजना

1. योजना की संस्वीकृति

भारतीय स्टेट बैंक (जिसे यतः पश्चात् "बैंक" कहा गया है) की वर्तमान प्राधिकृत पूंजी रु० 200 करोड़ है जबकि उसकी वर्तमान निर्गमित एवं प्रदत्त पूंजी रु० 150 करोड़ है।

बैंक की निर्गमित एवं प्रदत्त पूंजी को रु० 150 करोड़ से बढ़ाकर रु० 200 करोड़ करने के लिए, जो रु० 100/- प्रति शेयर मूल्य के 200 लाख पूर्ण प्रदत्त शेयरों में बंटी हुई होगी, भारत सरकार के पत्र क्रमांक 14(3)(89) एसीसीटीएस दिनांकित 28 जून 1990 और भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र क्रमांक डीबीओडीबीपी 1150/सी० 469 (डी)-90 दिनांकित 16 अप्रैल 1990 के द्वारा उनकी अनुमति प्राप्त कर ली गई है, तदनुसार रु० 100/- प्रति शेयर मूल्य के 50 लाख शेयर रु० 160/- प्रति शेयर प्रीमियम पर निम्नलिखित आधार पर निर्गमित करने का निर्णय लिया गया है।

2. निर्गम की मुख्य बातें

(1) प्रति शेयर रु० 160/- प्रीमियम पर जारी किए जा रहे रु० 100/- प्रति शेयर मूल्य के अतिरिक्त 50 लाख शेयरों के लिए प्रथमतः भारतीय रिजर्व बैंक अंशदान करेगा और उसके बाद वह अन्य शेयरधारकों को नियत तिथि को धारित प्रति 3 शेयरों के लिए 1 शेयर के अनुपात में शेयरों में अंशदान करने के अधिकार दे देगा। यदि कोई शेयर धारक नए शेयर के किसी भाग का अधिकारी होगा तो उसे भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिधारण से एक अतिरिक्त शेयर प्रदान किया जाएगा।

(2) वर्तमान शेयरधारकों को उक्त अधिकार के परित्याग की अनुमति होगी, किन्तु उन्हें अतिरिक्त शेयरों के लिए आवेदन करने का अधिकार नहीं होगा।

(3) भारतीय रिजर्व बैंक को निर्गमित किए गए शेयर प्रमुखतः एवं निजी शेयरधारकों को जारी किए गए शेयरों को तत्पश्चात्, जिस दिन से शेयरधारक के रजिस्टर में अतिरिक्त शेयरों के रूप में प्रविष्ट किया जाएगा, उस दिन से 31 मार्च 1991 को समाप्त बैंक के वित्तीय वर्ष तक, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा घोषित अंतिम लाभांश यदि कोई हो, के लिए आनुपातिक आधार पर पात्रता प्राप्त होगी।

(4) भारतीय रिजर्व बैंक को छोड़कर अन्य शेयरधारकों को शेयर आवंटन पर भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 11 के उपबंध लागू होंगे। उक्त धारा नीचे दी जा रही है :—

"(1) किसी भी व्यक्ति को उसके 200 से अधिक धारित शेयरों के प्रति, वे चाहे उसके अपने अकेले के नाम में हों पर किसी अन्य के साथ संयुक्त नाम में, शेयरधारक के रूप में पंजीकृत नहीं किया जाएगा या वह 200 से अधिक शेयरों के प्रति कोई लाभांश पाने का हकदार नहीं होगा और वह केवल उन्हें बेचने के अधिकार को छोड़कर इस प्रकार के आधिक्य शेयरों के प्रति शेयरधारक के किसी अधिकार का प्रयोग करने का हकदार नहीं होगा।

इस उप धारा की व्यवस्थाएं निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगी :—

(क) रिजर्व बैंक

(ख) कोई निगम

(ग) बीमा अधिनियम, 1938 में यथा परिभाषित बीमाकर्ता

(घ) स्थानीय प्राधिकरण

(ङ) सहकारी समिति तथा

(च) किसी सार्वजनिक अथवा निजी धार्मिक या धर्मार्थ न्यास का कोई न्यासी।

(2) उप धारा (1) में दी गई बातों के बावजूद भी रिजर्व बैंक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति, जिसके पास निर्गमित पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक शेयर हों, उन अतिरिक्त शेयरों के लिए वोट देने का अधिकारी नहीं होगा।

3. निर्गम कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| क. निर्गम प्रारंभ होने का दिनांक | 10-12-1990 |
| ख. निर्गम बंद होने का दिनांक | 09-01-1991 |
| ग. अंतरण पुस्तकों की बंदी | 26-11-90 से 03-12-1990 दोनों दिवस सम्मिलित |
| घ. अधिकार विखंडन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने का अंतिम दिनांक | 26-12-1990 |

4. आवेदन पत्र स्वीकार करने का स्थान

भारतीय स्टेट बैंक की निम्नलिखित शाखाएं उपयुक्त दिनांक को आवेदन पत्र स्वीकार करेंगी :—

आगरा (छीपीटोला), अहमदाबाद (भद्र), इलाहाबाद (कचहरी रोड), बंगलौर (सेन्ट मार्क्स रोड), भोपाल (टी०टी० नगर), बम्बई (मुख्य शाखा), भुवनेश्वर (मुख्य शाखा), कलकत्ता (मुख्य शाखा), कोयम्बत्तूर, चंडीगढ़ (सैक्टर-17), एर्णाकुलम (षण्मुगम रोड), नई दिल्ली (संसद मार्ग), गुवाहाटी (ए०टी० रोड), हैदराबाद (बैंक स्ट्रीट), इन्दौर (मुख्य डाकघर के पास), जबलपुर (सिविल लाइन्स), जयपुर (एम०आई० रोड), जम्मू (तवी), कानपुर (माल), लखनऊ (मोती महल मार्ग), लुधियाना (सिविल लाइन्स), मद्रास (राजाजी सलाइ), मैंगलोर (पोर्ट रोड), मदुरै (वेस्ट वेली स्ट्रीट), नागपुर (किंग्सवे), पुणे (मुख्य

शाखा), पटना (मुख्य शाखा), त्रिवेन्द्रम (एम०जी० रोड), वाराणसी (छावनी), और मुक्तसर, ।

5 योजना का उद्देश्य

बैंक की निर्गमित पूंजी में वृद्धि करने का उद्देश्य "पूंजी निधियों" को "अचल आस्तियों" के उचित रूप से समानुपातिक करना है ।

बी०के० मजुमदार,
उप प्रबंध निदेशक
(कार्पोरेट परिचालन एवं सेवाएं)

अनुबन्ध

स्टेट बैंक आफ हैदराबाद

भारतीय स्टेट बैंक का सहयोगी बैंक

प्रधान कार्यालय : गनफाउन्ड्री

हैदराबाद-500177, दिनांक 25 सितम्बर 1990

सं० पत्र सचि०वि०/14/12—भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 (1959 के 38) के अनुसरण में बनाए गए समनुषंगी बैंक सामान्य विनियमन 1959 के विनियम 55 (1) के अनुसार स्टेट बैंक आफ हैदराबाद का बोर्ड एतद्द्वारा नीचे दर्शायी गयी श्रेणियों के अधिकारियों को प्रत्येक अधिकारी के विरुद्ध निर्दिष्ट सीमा तक हस्ताक्षर के अधिकार का प्रयोग करने के लिए अधिकृत करता है :

| | |
|---|---|
| क. मप्रश्रे मान-4 और ऊपर की श्रेणियों के सभी अधिकारी | वर्तमान में कार्यरत पदों का कार्य करने के संदर्भ में बैंक के चालू या प्राधिकृत कारोबार से संबंधित सभी विषयों के सभी दस्तावेज, प्रपत्र, खाते, रसीदें, पत्र और सूचनाएं आदि हस्ताक्षर करना । |
| ख. मप्रश्रे मान-3 मप्रश्रे मान-2/ कप्रश्रे मान-1 की श्रेणियों के सभी शाखा प्रबन्धक, प्रभागों के प्रबंधक | वर्तमान में कार्यरत पदों का कार्य करने के संदर्भ में बैंक के चालू या प्राधिकृत कारोबार से संबंधित सभी विषयों के सभी दस्तावेज, प्रपत्र, खाते, रसीदें, पत्र और सूचनाएं आदि हस्ताक्षर करना । |
| ग. शाखाओं के सभी प्रबंधक (खाते)/लेखापाल, सहायक लेखापाल, क्षेत्र अधिकारी | वर्तमान में कार्यरत पद का कार्य करते समय हुंडियों, प्रोनोटो, माल पर हक के दस्तावेजो की विमुक्ति करने का अधिकार । |

बैंक के सभी अधिकारी, कर्मचारी जिनको हस्ताक्षर के अधिकार प्रदत्त हैं चाहे वे किसी भी स्थान पर तनात किए गए हों, अपने कार्यपालन में उनको प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करना जारी रखेंगे । उपर्युक्त आशोधन के अधीन तथा उस सीमा तक जो इस आशोधन में उल्लिखित किसी विषय से असंगत न हो, हस्ताक्षर के अधिकारों से संबंधित वर्तमान अधिसूचनाएं लागू रहेंगी ।

बोर्ड की आदेशानुसार

ह०—
के० ताण पिल्लै
मुख्य महा प्रबंधक

युनाइटेड बैंक आफ इंडिया

मानव संसाधन विकास विभाग

कलकत्ता-700001, दिनांक 16 अगस्त 1990

सं० 4/90—जीएसआर बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 की धारा 19 (1970 की धारा 5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए युनाइटेड बैंक आफ इंडिया के निदेशक मंडल भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श और केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से युनाइटेड बैंक आफ इंडिया (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 को संशोधित करते हुए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाते हैं ।

2. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ : (1) इन विनियमों को युनाइटेड बैंक आफ इंडिया (अधिकारी) सेवा संशोधन विनियम, 1990 कहा जाएगा ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे :

3. संशोधनों का विस्तृत विवरण :

विनियम 3 (ट) :

"वेतन" से अवरोध वेतनवृद्धियों सहित मूल वेतन अभिप्रेत है ।

विनियम 3(1) :

"संवेतन" से वेतन और महंगाई भत्ते का जोड़ अभिप्रेत है ।

विनियम 4(1) :

1-2-1984 को और उसके बाद स, अधिकारियों के लिए निम्नलिखित चार श्रेणियां होंगी जिन पर प्रत्येक के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान लागू होंगे :

(क) उच्च कार्यपालक श्रेणी :

वेतनमान VII रु० 4100-125-4600

वेतनमान VI रु० 3850-125-4350

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान V रु० 3575-110-3685-115-3800

वेतनमान रु० 2925-105-3450

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान III रु० 2650–100–3250

वेतनमान I रु० 1825–100–2925

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान I रु० 1175–60–1475–70–1895–दo रो–95–2275–100–2675

1-11-1987 को तथा उसके बाद से, प्रत्येक पदक्रम के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान निम्नानुसार होंगे :—

(क) उच्च कार्यपालक श्रेणी :

वेतनमान VII रू० 6400–150–7000

वेतनमान VI रु० 5950–150–6550

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान V रू० 5350–150–5950

वेतनमान IV रु० 4520–130–4910–140–5050–150–5300

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान III रु० 4020–120–4260–130–4910

वेतनमान II रु० 3060–120–4260–130 4390

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान I रु० 2100–120–4020

उपबंधित किया जाता है कि नियत तारीख को लागू वेतनमान द्वारा ऐसे प्रत्येक अधिकारी के वेतन का, जिसका विनियम 8 के अधीन जारी सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार उक्त वेतनमान में नियतन किया गया था, सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार ऊपर बताए गए वेतनमान में नियतन किया जाएगा ।

विनियम 5(1) :

1-11-1987 को तथा उसके बाद से वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उपखण्डों के अध्यधीन दी जाएंगी :

(क) विनियम 4(1) में उपवर्णित वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होंगी और वे जिस महीने में देय होती है, उस महीने की पहली तारीख को दी जाएंगी ;

(ख) वेतनमान I तथा II के अधिकारियों को, अपने संबंधित वेतनमानों के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात्, अगले उच्च वेतनमान में अवरोध वेतनवृद्धि (यों) सहित आगे की वेतनवृद्धियां केवल नीचे (ग) में विनिर्दिष्ट आधार पर दी जाएंगी बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार कर लें ।

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II तथा III के अधिकतम पर पहुंचने वाले अधिकारियों को, यथास्थिति, वेतनमान II तथा III के अंतिम प्रक्रम पर पहुंचने के पश्चात्, प्रत्येक 3 वर्ष की सेवा पूरी होने पर अवरोध वेतनवृद्धि/वेतनवृद्धियां दी जाएगी/जाएंगी । वेतनमान II के अंतिम प्रक्रम पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु० 130/– की अधिक से अधिक दो वेतन–वृद्धियां दी जाएगी तथा वेतनमान III के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु० 140/– की एक वेतनवृद्धि दी जाएगी ।

टिप्पणी : अगले उच्चतर वेतनमान में दी गई ऐसी वेतन–वृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा । ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के पश्चात् भी अधिकारी को, यथास्थिति, उसके अपने मूल–पद के वेतनमान I अथवा II के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे ।

विनियम 5(2) :—

1-11-1987 को तथा उसके बाद से, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना और आगे नहीं जा सकते, सरकारी मार्गनिर्देशों के अधीन, यदि कोई हों, सी ए आइ आइ बी परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप अनिश्चित वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा :

| | |
|---|---|
| जिन्होंने सी ए आइ आइ बी का केवल भाग I उत्तीर्ण किया है | : एक वर्ष पश्चात् रु० 100/– प्र० मा० जिनमें से रु० 75/– अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे । |
| जिन्होंने सी ए आइ आइ बी के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं | : (i) 1 वर्ष पश्चात् रु० 100/– प्र० मा०, जिनमें से रु० 75/– अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे । |
| | (ii) 2 वर्ष पश्चात् रु० 250/– प्र० मा० जिनमें से रु० 200/– अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे । |

टिप्पणी : यदि किसी ऐसे अधिकारी को, जिसे व्यावसायिक अर्हता भत्ता मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय उसे वेतनमान में उपलब्ध वेतनवृद्धियों की सीमा तक, सी ए आइ आइ बी परीक्षा उत्तीर्ण करने

पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी और यदि वेतनमान में वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं हैं अथवा केवल एक ही वेतनवृद्धि उपलब्ध है तो अधिकारी वेतनवृद्धि (यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने का पात्र होगा।

विनियम 21 :

1-11-1987 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना निम्नानुसार होगी :—

(1) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक-वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार 1960-100 के तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर 4 अंक की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से देय होगा।

(2) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :

(i) रु० 1650/- तक 'वेतन' का 0.67%, और

(ii) रु० 1650/- से ऊपर परंतु रु० 2835/- तक 'वेतन' का 0.55%, और

(iii) रु० 2835/- से ऊपर परंतु रु० 4020/- तक 'वेतन' का 0.33%, और

(iv) रु० 4020/- से ऊपर 'वेतन' का 0.17%।

विनियम 22(1) :

1-11-1987 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो उससे उसके वेतनमान के प्रथम प्रक्रम का 6% अथवा आवास के लिए मानक किराया, इनमें से जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

विनियम 22(2)

1-11-1987 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी को बैंक द्वारा मकान नहीं दिया गया है, तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :

| कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर | देय म.कि.भ. |
|---|---|
| (i) सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख "ए" वर्ग के नगर तथा समूह "ए" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र, | वेतन का 14%, अधिकतम रु० 375/- |
| (ii) क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह "बी" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र, | वेतन का 12%, अधिकतम रु० 300/- |
| (iii) क्षेत्र II, और उपर्युक्त (i) तथा (ii) के अंतर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघ-शासित क्षेत्रों की राजधानियां | वेतन का 10%, अधिकतम रु० 250/- |
| (iv) अन्य सभी स्थान-क्षेत्र— | वेतन का 8%, अधिकतम रु० 225/- |

परन्तु यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 6% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया होगा जो अन्यथा देय अधिकतम मकान किराया भत्ते का अधिक से अधिक 160% होगा।

विनियम 22(3)

यदि कोई अधिकारी अपने ही मकान में रहता है तो उसे उप-विनियम (2) में उल्लिखित परंतुक के आधार पर इस प्रकार मकान किराया भत्ता मिलेगा मानो वह नीचे "अ" अथवा "आ" में से उच्चतर के बारहवें भाग के बराबर मासिक किराया दे रहा हो :

"अ"

निम्नलिखित का योग :—

(i) निम्नलिखित के लिए देय नगरपालिका कर और

(ii) भूमि की लागत सहित निवास स्थान की पूंजीगत लागत का 12%, और यदि निवास स्थान किसी भवन का भाग है तो उतने भाग की भूमि के आनुपातिक हिस्से की पूंजीगत लागत, किन्तु इसके अंतर्गत वातानुकूलक जैसे विशेष जुड़नार शामिल नहीं होंगे, अथवा

"आ"

निवास स्थान के लिए नगरपालिका कर निर्धारण हेतु आंका गया वार्षिक किराया मूल्य।

स्पष्टीकरण :—

(1) इस विनियम के प्रयोजन हेतु "मानक किराया" से अभिप्राय है :

(क) बैंक के स्वामित्व वाले निवास स्थानों के मामले में सरकार से ऐसे निवास स्थानों के संबंध में प्रचलित पद्धति के अनुसार आंका गया मानक किराया।

(ख) यदि निवास स्थान बैंक द्वारा किराए पर लिया गया है तो बैंक द्वारा देय संविदागत किराया।

विनियम 23(i)

1-11-1987 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी निम्नलिखित सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान में कार्यरत हो तो वह उस स्थान के सामने स्तंभ 2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिकर भत्ता पाने का पात्र होगा :

| स्थान | दर |
|---|---|
| (1) | (2) |
| (क) क्षेत्र I के स्थान और गोवा राज्य | मूल वेतन का 6½%, अधिकतम रु० 220/- प्रतिमाह |

| (1) | (2) |
|---|---|
| (ख) पांच लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चंडीगढ़, पांडिचेरी और पोर्ट ब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते । | वेतन का 4%, अधिकतम रु० 135/- प्रति माह |

विनियम 23(V)

1-11-1987 को और उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह प्रतिनियुक्ति के पद पर देय उन परिलब्धियों को प्राप्त करने के लिए अपना विकल्प दे सकता है । विकल्पतः, वह अपने वेतन का अतिरिक्त 12% अधिकतम रु० 700/-, प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते ले सकता है जो उसे उसी स्थान पर बैंक की सेवा में तैनात होने की स्थिति में मिलते ।

परंतु यदि उसे उसकी प्रतिनियुक्ति से पूर्व उसकी तैनाती के स्थान पर ही स्थित किसी संगठन में प्रतिनियुक्त किया जाता है तो उसे उसके वेतन का 6%, अधिकतम रु० 350/-, प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा ।

परंतु यह भी कि यदि किसी अधिकारी को बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में संकाय सदस्य के रूप में अथवा बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड में प्रतिनियुक्त किया जाता है तो उसे उसके वेतन का 6%, अधिकतम रु० 350/-, प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा ।

विनियम 23 (VI) :

1-11-1987 को और उसके बाद से, यदि उसने कम से कम 7 दिन लगातार या किसी कैलेण्डर महीने के दौरान कुल 7 दिन किसी उच्चतर श्रेणी में किसी पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य किया जाता है तो उसे स्थानापन्न रूप में कार्य करने की अवधि के लिए उसके वेतन का 6%, लेकिन अधिक से अधिक रु० 250/- प्रति माह स्थानापन्न भत्ता मिलेगा । स्थानापन्न भत्ते को भविष्य निधि के लिए हिसाब में दिया जाएगा किन्तु अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं ।

परंतु यदि कोई अधिकारी विनियम 6 के अधीन पदों के प्रवर्गीकरण के पुनरीक्षण के परिणामस्वरूप ही उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न रूप से कार्य करता है तो उसे प्रवर्गीकरण के पुनरीक्षण के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए स्थानापन्न भत्ता नहीं मिलेगा ।

विनियम 23(VII) :

वित्तीय वर्ष 1989-90 और उसके बाद से, यदि वह किसी ऐसी शाखा में तैनात किया जाता है जहां 31 मार्च और 30 सितंबर को बहियों का समापन कार्य होता है तो उसे ऐसी प्रत्येक लेखाबंदी के लिए रु० 150/-लेखाबंदी भत्ता दिया जाएगा ।

विनियम 23(X) :

दि० 1-11-1987 को और उसके बाद से, यदि वह नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान पर सेवारत है तो उसे स्तंभ 2 में उल्लिखित दर से पर्वत तथा ईंधन भत्ता दिया जाएगा :—

सारणी

| स्थान | दर |
|---|---|
| 1 | 2 |
| (i) 1000 मीटर और उससे अधिक परंतु 1500 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान और मडिकेरी नगर | वेतन का 5%, अधिकतम रु० 130/- प्र०मा० |
| (ii) 1500 मीटर और उससे अधिक परंतु 3000 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान पर | वेतन का 6½%, अधिकतम रु० 160/- प्र० मा० |
| (iii) 3000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थान पर | वेतन का 15%, अधिकतम रु० 600/- प्र० मा० |

टिप्पणी : (क) कम से कम 750 मीटर ऊंचाई पर स्थित स्थानों, जो उससे अधिक ऊंचाई वाले पर्वतों से घिरे हुए हों और जिन तक पहुंचने के लिए 1000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार करनी पड़ती हो, पर तैनात अधिकारियों को 1000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले केन्द्रों के लिए देय दर पर पर्वत तथा ईंधन भत्ता दिया जाएगा ;

(ख) उक्त वर्गीकरण के अंतर्गत न आने वाले किसी भी केन्द्र में फिलहाल दिए जाने वाले पर्वत तथा ईंधन भत्ते समाप्त कर दिए जाएंगे । दि० 1-11-1987 और 30 अप्रैल, 1989 के बीच दिया गया भत्ता वसूल नहीं किया जाएगा । पहली मई, 1989 से और उसके बाद उक्त तारीख को अथवा उसके पहले से उस केंद्र पर उसी वेतनमान में तैनात रहने की तारीख तक केवल पुराने प्रावधानों के अनुसार 30 अप्रैल, 1989 को मिल रहे भत्ते के बराबर राशि का संरक्षण दिया जाएगा ।

विनियम 24(1) :

अधिकारी अपने और अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात

(क) चिकित्सा व्यय :

1-11-1987 को और उसके बाद से, अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट वेतन सीमा तथा स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी। इसके लिए अधिकारी को प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :

सारणी

| वेतन सीमा | वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा |
|---|---|
| रु० 2100/- से रु० 3060/-प्र०मा० | रु० 600/- |
| रु० 3061/- प्र०मा० और उससे अधिक | रु० 800/- |

टिप्पणी : उपयोग में न आई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है परंतु संचित राशि किसी भी समय उल्लिखित अधिकतम राशि के तीन गुने से अधिक नही होगी।

स्पष्टीकरण :

इस विनियम के प्रयोजन के लिए, अधिकारी के "परिवार" में उसका पति/उसकी पत्नी, पूर्णतः आश्रित संतान और पूर्णतः आश्रित माता-पिता ही शामिल होंगे।

24. ( )(ख) अस्पताल में भर्ती खर्च :

(i) 1-4-1989 को और उसके बाद से, अस्पताल में भर्ती होने के सभी मामलों में अधिकारी के मामले में 90% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60% तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

1-4-1989 को और उसके बाद से, मान्यता प्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित रोगों के चिकित्सा-खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती-खर्च माना जाएगा और उससे संबंधित चिकित्सा-खर्चों की अधिकारी के मामले में 90% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60% तक प्रतिपूर्ति की जाएगी :

24. (ख) (i) (V)

कैंसर, तपेदिक, पक्षाघात, हृदय रोग, ट्यूमर, चेचक, प्लूरिसी, डिप्थीरिया, कुष्ठरोग, गुर्दे की खराबी।

विनियम, 25

कोई भी अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा। किंतु यदि बैंक चाहे तो आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए वह दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद से, अपने वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 6% या आवास के लिए मानक किराए का, जो भी कम हो, भुगतान करेगा। परंतु यदि ऐसे अवसर पर फर्नीचर भी उपलब्ध कराया गया हो तो अधिकारी से उसके वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 1½% के बराबर अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी। यदि बैंक द्वारा ऐसा आवास उपलब्ध कराया जाता है तो बिजली पानी, गैस और सफाई प्रभार अधिकारी द्वारा दिए जाएंगे।

विनियम 34 (i)।

1-1-1989 को और उसके बाद से, अधिकारी अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान, अपनी सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 30 दिन के हिसाब से अधिक से अधिक 18 महीने की बीमारी-छुट्टी का पात्र होगा। उसके संपूर्ण सेवा-काल में इस प्रकार 540 दिन की छुट्टी संचित की जा सकती है लेकिन यह छुट्टी बैंक को स्वीकार्य या बैंक द्वारा अपने खर्च पर अपने विवेक से नामित किसी चिकित्सक का चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करके ही ली जा सकती है।

विनियम 35 :

1-1-1989 को और उसके बाद से, जिस अधिकारी ने 24 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, वह 24 वर्ष से अधिक की प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए एक महीने के हिसाब से बीमारी की अतिरिक्त छुट्टी पाने का पात्र होगा, लेकिन बीमारी की यह अतिरिक्त छुट्टी अधिक से अधिक तीन महीने की होगी।

विनियम 41 :

जब किसी अधिकारी से ड्यूटी पर यात्रा करने की अपेक्षा की जाती है तो उस पर निदेशक-मण्डल द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख से निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे—

(1) (i) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी का अधिकारी रेल की प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित शयनयान में यात्रा कर सकता है। किंतु कारोबार की आवश्यकताओं या लोकहित को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से वह (इकॉनमी श्रेणी में) विमान द्वारा यात्रा कर सकता है।

(ii) मध्य प्रबंधन श्रेणी का अधिकारी रेल की प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित शयनयान में यात्रा कर सकता है किन्तु यदि यात्रा की दूरी 500 किलोमीटर से अधिक है। तो वह इकॉनमी श्रेणी में विमान द्वारा यात्रा कर सकता है। परन्तु कारोबार की आवश्यकता या लोकहित को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से वह इससे कम दूरी की यात्रा भी (इकॉनमी श्रेणी में) विमान द्वारा कर सकता है।

(iii) वरिष्ठ प्रबंधन या उच्च कार्यपालक श्रेणी का अधिकारी रेल की वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में या (इकोनॉमी श्रेणी में) विमान द्वारा यात्रा कर सकता है।

(iv) वरिष्ठ प्रबंधन या उच्च कार्यपालक श्रेणी का अधिकारी ऐसे स्थानों के बीच जो विमान सेवा या रेल सेवा से जुड़े हुए है, कार द्वारा यात्रा कर सकता है बशर्ते कि यात्रा की यह दूरी 500 किलोमीटर से अधिक न हो। किंतु यदि उक्त दोनों स्थानों के बीच की अधिकांश दूरी विमान या रेल द्वारा तय की जा सकती हो तो सामान्यतः बेदल शेष दूरी कार द्वारा तय की जानी चाहिए।

विनियम 42(2) :

(1) 1-6-1989 को और उसके बाद से, स्थानांतरित अधिकारी को मालगाड़ी से अपने सामान के परिवहन के लिए निम्नलिखित सीमाओं के अनुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी :—

| वेतन सीमा | परिवार-सहित | परिवार-रहित |
|---|---|---|
| रु० 2100/-प्र०मा० से रु० 3060/-प्र०मा० | 3000 किलोग्राम | 1000 किलोग्राम |
| रु० 3061/-प्र०मा० और उससे अधिक | पूरा मालडिब्बा | 2000 किलोग्राम |

विनियम 45(2) :

बैंक भविष्य निधि पर समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार, अंशदान देगा परंतु उसके अंशदान की राशि, 1-11-1987 को और उसके बाद से 31-12-1988 तक वेतन के 80% का 10%, 1-1-1989 को और उसके बाद से 31-12-1989 तक वेतन के 90% का 10% और 1-1-1990 को और उसके बाद से वेतन का 10% होगी।

विनियम 46(2) :

अधिकारी को देय उपदान की राशि सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक माह का वेतन, जो अधिक से अधिक 15 माह का वेतन हो सकता है।

परंतु यदि किसी अधिकारी ने 30 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी की है, वह उपदान के रूप में, तीस वर्ष से ऊपर सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए आधे माह के वेतन की दर से अतिरिक्त राशि का पात्र होगा।

टिप्पणी : यदि सेवाकाल के पूर्ण वर्षों के अतिरिक्त छह महीने या उससे अधिक की कोई अवधि बचती है तो उस अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर उपदान दिया जाएगा।

ए० राय
उप महा प्रबंधक (कार्मिक एवं सेवाएं)

---

दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया

नई दिल्ली 110002, दिनांक 5 अक्तूबर 1990

सं० 28-आर०सी० (2)/25/90—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगुलेशन 1988 के रेगुलेशन 159(1) के अनुसरण में दि कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स ऑफ इंडिया को 1 अक्तूबर, 1990 से टुटिकोरिन में दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद की शाखा स्थापित करने की सूचना देते हुए प्रसन्नता है। यह शाखा दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद की टुटिकोरिन शाखा मानी जाएगी।

रेगुलेशन 159(3) के अन्तर्गत जैसा कि निर्धारित है, यह शाखा क्षेत्रीय परिषद के माध्यम से परिषद के नियंत्रण, पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में कार्य करेगी और सभी उन निर्देशों का पालन करेगी जो कि परिषद द्वारा समय-समय पर जारी किए जाएंगे।

सं० 28-आर०सी० (3)/24/90—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगुलेशन 1988 के रेगुलेशन 159(1) के अनुसरण में दि कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया को 1 अक्तूबर, 1990 से सिलीगुड़ी में पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद की शाखा स्थापित करने की सूचना देते हुए प्रसन्नता है। यह शाखा पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद की सिलीगुड़ी शाखा मानी जाएगी।

रेगुलेशन 159(3) के अन्तर्गत जैसा कि निर्धारित है, यह शाखा क्षेत्रीय परिषद के माध्यम से परिषद् के नियंत्रण, पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में कार्य करेगी और सभी उन निर्देशों का पालन करेगी जो कि परिषद द्वारा समय-समय पर जारी किए जाएंगे।

सं० 28-आर०सी० (4)/23/90—चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स रेगुलेशन 1988 के रेगुलेशन 159(1) के अनुसरण में दि कौंसिल आफ दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया को 1 अक्तूबर, 1990 से अजमेर में मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की शाखा स्थापित करने की सूचना देते हुए प्रसन्नता है। यह शाखा मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की अजमेर शाखा मानी जाएगी।

रेगुलेशन 159(3) के अन्तर्गत जैसा कि निर्धारित है, यह शाखा क्षेत्रीय परिषद के माध्यम से परिषद् के नियंत्रण पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में कार्य करेगी और सभी उन निर्देशों, का पालन करेगी जो कि परिषद द्वारा समय-समय पर जारी किए जाएंगे।

एम० सी० नरसिम्हन,
सचिव

---

बम्बई—400005, दिनांक 9 अक्तूबर 1990

3 डब्लू० सी० ए० (5)/10/90-91—उक्त संस्थान को अग्रसूचना। 3 डब्लू० सी० ए० (4)/5/89-90 दिनांक 3/10/89, 3 डब्लू० सी० ए० (4)/7/86 दिनांक 25/2/1987, 3 डब्लू० सी० ए० (4)/21/89-90 दिनांक 9/3/1990, 3 डब्लू० सी० ए० (4)/12/89-90, दिनांक

20–11–89. के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है ।

| क्र० संख्या | सदस्यता संख्या | नाम एवं पता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 6630 | श्री वसंत विष्णू पाटक,<br>ए० सी० ए०<br>एअर इंडिया, ओल्ड एअर पोर्ट<br>सांताक्रुझ (पू०),<br>बंबई–400029 । | 16–7–90 |
| 2. | 14180 | श्री जगदीश वि० ठक्कर,<br>ए० सी० ए०<br>2, अरुनोदया सोसायटी,<br>अलकापूरी,<br>बरोडा–390005 । | 11–7–90 |
| 3. | 15197 | श्री देविदास वसंत गाईतोंडे<br>ए० सी० ए०<br>डी०/21, मनगिरीश सोसायटी,<br>एल० जे० रोड, 10 नोटानी रोड,<br>माहीम<br>बंबई–400016 । | 24–7–90 |
| 4. | 16747 | मिसेस वदना एच० मेहता,<br>ए० सी० ए०,<br>11, एम० ए० श्रेलवी रोड,<br>ब्लाक नं० 46,<br>बंबई–400001 । | 11–7–90 |
| 5 | 17290 | श्री जगदीश वनमाली बजारा,<br>ए० सी० ए०,<br>पो० बॉ० नं० 41521,<br>नाईरोबी,<br>केनया । | 12–7–90 |
| 6. | 31454 | श्री वल्लभदास नदलाल दत्त,<br>ए० सी० ए०,<br>8, गुलशन अपार्टमैन्टस,<br>न्यू बंबई आग्रा रोड,<br>नाशिक–400001 । | 20–7–90 |
| 7. | 31871 | श्री वहो चंद्रशेखरन, एफ० सी० ए०<br>पो० बॉ० नं० 1169,<br>दुबई<br>यू० ए० ई० । | 16–7–90 |
| 8. | 32570 | श्री मयूर जे० मेहता<br>ए० सी० ए०,<br>70/70–ए०, झवेरी बजार,<br>तिसरी मंजील,<br>बंबई–800002 । | 26–7–90 |
| 9. | 34934 | श्री चन्द्रप्रकाश आ० दोशी,<br>ए० सी० ए०,<br>ए०–16, मनगढ़ को–आप०<br>हाउसिंग<br>सोसायटी नियर सम्बता<br>हाई स्कूल<br>थाणे (ई)<br>बंबई–400059 । | 21–6–1990 |
| 10. | 36456 | श्री मिलन पी० शाह,<br>ए० सी० ए०,<br>कोरे प्रिन्टराल्म लि०,<br>चौथी मंजिल, नारायन चेम्बर्स,<br>आश्रम रोड<br>अहमदाबाद–380009 । | 24–7–90 |
| 11 | 36756 | श्री प्रकाश पी० पोपट,<br>ए० सी० ए०<br>2, "सोनेट"<br>प्लॉट नं० 248<br>शेर ई पंजाब<br>सोसायटी, अंधेरी (ई)<br>बंबई–400013 । | 1–10–190 |
| 13. | 42447 | श्री प्रवीण श्रीपाद सालेराव,<br>ए० सी० ए०,<br>समर्था को–ऑप सोसायटी,<br>पालीदर्शन बाग,<br>ईरांदवाना,<br>पुणे–411004 । | 30–7–90 |
| 14. | 72071 | मिसेस पोजिमा विश्वनाथन<br>ए० सी० ए०<br>13/1, गोदरेज हिलसाईड<br>कालोनी,<br>फिरोज शाह नगर,<br>बंबई–400079 । | 9–7–90 |

एम० सी० नरसिम्हन,
सचिव

कलकत्ता–700071, दिनांक 9 अक्तूबर 1990

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

नं० 3–ई० सी० ए० (8)/5/90–91––चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं।

| क्र० सं० | सदस्या सं० | नाम एवं पता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | 16331 | श्री सुभाष कुमार झुनझुनवाला, एफ० सी० ए०, 13, अर्मेनियम स्ट्रीट, कलकत्ता 700 001 | 14–8–90 |
| 2. | 50048 | श्री सर्गीत कुमार मुखोपाध्याय, ए० सी० ए०, 96, बालाराम दे स्ट्रीट, कलकत्ता 700 006 | 26–7–90 |
| 3. | 50929 | श्री पवन कुमार स्या, एफ० सी० ए०, 5, स्मल स्ट्रीट, कलकत्ता–700071 | 9–7–90 |
| 4. | 54148 | श्री प्रद्युत कुमार बरुआ, ए० सी० ए०, 9, बाय लेन, आर० जी० बरुआ रोड, गोहाटी–781024। | 1–6–90 |

दिनांक 16 अक्तूबर, 1990

नं० 3–ई० सी० ए० (5)/7/90–91––इस संस्थान की अधिसूचना नं० 29–सी० ए०/लॉ/डी–16/90 दिनांक 6–3–90 और 3–ई० सी० ए० (4)/6/89–90 दिनांक 2–11–89 के सन्दर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुनः उनके आगे दी गई तिथि से स्थापित कर दिया है।

| क्र० सं० | सदस्यता सं० | नाम एवं पता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 13196 | श्री संतोष कुमार भौमिक एफ० सी० ए०, मैसर्स एस० भौमिक एण्ड कं०, 1, नेताजी, सुभाष रोड, 2 फ्लोर, कलकत्ता–700001। | 12–8–90 |
| 2 | 52337 | श्री सुन्दराम श्रीधर, ए० सी० ए०, 20, विपिन पाल रोड, कलकत्ता–700026। | 20–8–90 |

एस० सी० नरसिम्हन,
सचिव

मद्रास–600034, दिनांक 9 अक्तूबर 1990

चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स

नं० 3– एस० सी० ए० (4)/6/90–91––चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार अधिनियम 1949 की धारा 20 की उपधारा (1) (क) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर में से मृत्यु हो जाने के कारण निम्नलिखित सदस्यों का नाम उनके आगे दी गई तिथि से हटा दिया है।

| क्र० सं० | सदस्यता संख्या | नाम एवं पता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 8676 | श्री ए० वेंकटाचार, 27, कैथेड्रल गार्डन रोड, मद्रास–600034। | 15–4–90 |
| 2 | 25613 | श्री के० रमेश, न० 39, नेलसन मणिकम रोड, अमीनजीकराई, मद्रास–600029। | 21–4–90 |

नं० 3– एस० सी० ए० (8)/4/90–91––चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके

आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र रखने के इच्छुक नहीं हैं ।

| क्र० सं० | सदस्यता संख्या | नाम एवं पता | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 7310 | श्री ए० राजाशेखरन,<br>ए० सी० ए०,<br>20, मरुधा नगर, वादुवल्ली,<br>कोयम्बटोर–641041 । | 1–8–90 |
| 2. | 20353 | श्री के० नारायनास्वामी,<br>ए० सी० ए०,<br>मैनेजर (प्रोजैक्ट फाईनैन्स),<br>श्री कृष्णापिरन मिल्स लि०,<br>पी० बी० नं० 1,<br>गौरीपलायाम पोस्ट,<br>कोयम्बटूर–641028 । | 23–3–90 |
| 3. | 21729 | श्री एम० रविन्द्रानाथ,<br>एफ० सी० ए०,<br>759, 3 ब्लॉक राजाजीनगर,<br>बंगलोर–560010 । | 21–6–90 |
| 4. | 21921 | श्री टी० रघुनाथन,<br>ए० सी० ए०,<br>18, जलान केचिल,<br>अपार्टमैंट नं० 06–22,<br>सिंगापोर–1543 । | 1–7–90 |
| 5. | 22253 | श्री एम० बालासुन्दरम,<br>ए० सी० ए०,<br>पी० ओ० बॉक्स 459,<br>विक्टोरिया,<br>सीचल्लैस | 26–6–90 |
| 6. | 25594 | श्री एम० महालिंगम,<br>ए० सी० ए०,<br>मधुकराई वाया, पिचातूर<br>पी० ओ०–641105,<br>कोयम्बटूर डिस्ट० | 11–5–90 |
| 7. | 26672 | श्री आर० वेंकटरामन,<br>ए० सी० ए०,<br>562, 17 स्ट्रीट, 4 सैक्टर,<br>के० के० नगर,<br>मद्रास–600078 । | 1–4–90 |
| 8. | 28131 | श्री बी० बालाचन्द्रन नायर,<br>ए० सी० ए०,<br>मैनेजर (एफ० एण्ड ए),<br>दि प्लान्टैसन कारपोरेशन<br>आफ केरला लि०,<br>वैस्ट हिल पी० ओ०,<br>कोझीकोड–673005 । | 1–12–89 |

एम० सी० नरसिम्हन,
सचिव

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम

दिल्ली–110002, दिनांक 15 अक्तूबर, 1990

सं० एन० 15/13/7/3/90–यो० एवं० वि०—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के 95–क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16–9–90 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95– क तथा कर्नाटक कर्मचारी राज्य बीमा (चिकित्सा हितलाभ) नियम 1958 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ कर्नाटक राज्य के निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे ।

अर्थात्

| राजस्व ग्राम का नाम व नगर पालिका सीमा | होबली | तालुक | जिला |
|---|---|---|---|
| चोलानयाकानहल्ली | कसबा | बंगलौर उत्तर | बंगलौर |
| चोलानयाकान हल्ली ग्रुप पंचायत | | | शहरी क्षेत्र |

सं० एन०–15/13/15/2/90– यो० एवं० वि० — कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य विनियम–1950 के विनियम 95–क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा 46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 16–9–90 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95–क तथा पश्चिम बंगाल कर्मचारी राज्य बीमा (चिकित्सा हितलाभ) नियम–1955 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ पश्चिम बंगाल राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे ।

अर्थात्

"दुर्गापुर अधिसूचित क्षेत्र"

ए० सी० जुनेजा,
निदेशक (योजना एवं विकास)

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 15 अक्तूबर 1990

सं०के० भ० नि० आ०/1(4) पंजाब (187)/90/7625—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं में संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

| क्र० सं० | कोड सं० | स्थापना का नाम व पता | व्याप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | पी० एन०/ 10923 | मै० एशिया इन्वैस्टमेन्ट (प्रा०) लिमिटेड, रोड सं० 1, सैक्टर-8, पारवानू, जिला सोलन, (हि० प्र०) और पंजीकृत कार्यालय बम्बई । | 1-9-87 |
| 2. | पी० एन०/ 12875 | मै० पंजाब पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन लिमिटेड, एस० सी० ओ० सं० 171-72, सैक्टर-8-सी, मध्य मार्ग, चन्डीगढ़-160018 और इसके चार डिविजन्स, पटियाला, जालंधर, भटिंडा और मोहाली । | 1-6-90 |

अतः केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप-धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं को उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम का लागू करते हैं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है ।

सं० के० भ० नि० आ०/1(4) दिल्ली (184)/90/7613—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं में संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

| क्र० सं० | कोड सं० | स्थापना का नाम व पता | व्याप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | डी० एल०/ 9567 | मै० अल्टीमेट वीडियो ट्रोनिक्स (इंडिया) लि०, 124-नव-जीवन विहार, नई दिल्ली-17 । | 1-10-88 |
| 2. | डी० एल०/ 8502 | मै० डी० एच० बुडहैड लि०, बी-59, सर्वोदय इन्कलेव, श्री अरबिन्दो मार्ग, नई दिल्ली-17 और इसकी फैक्टरी प्लाट नं०-3, रोज-का-भियो इंडस्ट्रीयल एरिया, पो० ओ० सोना, जिला गुड़गांवा (हरियाणा) । | 1-6-86 |
| 3. | डी० एल०/ 8974 | मै० शाक इंडस्ट्रीज, डी० एस० आई० डी० सी० रोड नं० 93, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया फेज-II, नई दिल्ली-20 और इसका कार्यालय 13/22, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-19 और पंजीकृत कार्यालय बी०-1 गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली-49 । | 1-10-87 |
| 4. | डी० एल०/ 10958 | मै० काटन वेज, बी-186, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-I, नई दिल्ली । | 1-3-89 |
| 5. | डी० एल०/ 10807 | मै० सुप्रीम सविसेज 2680, बीडन पुरा, करोल बाग, नई दिल्ली-5 । | 1-3-89 |

अतः केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप-धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं को उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करते है जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है ।

सं० के० भ० नि० आ०/ 1(4) गुजरात(185)/ 90/ 7617—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं में संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952

(1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

| क्र० सं० | कोड नं० | स्थापना का नाम व पता | व्याप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | जी०जे०/16903 | मै० नवानगर कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, 17-बी, दिग विजय प्लाट, जामनगर । | 01-07-88 |
| 2. | जी०जे०/16841 | मै० डिके इंजीनियरिंग सर्विसेस, प्लाट न० 604, जी०आई० डी०सी० इंडस्ट्रीयल इस्टेट, अंकलेश्वर । | 01-02-88 |

अतः केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपयुक्त स्थापनाओं को उस या उन प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करते हैं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है ।

सं० के०भ०नि०आ०/1 (4) महाराष्ट्र (186)/90/7613—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952-(1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

| क्र० सं० | कोड नं० | स्थापना का नाम व पता | व्याप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | एम०एच०/35091 | मै० साईकृपा सहकारी पटपेढी मर्यादित, गाप न० 1, हरीस्मृति, कोपारकर हाऊस, भांडुप विलेज, भांडुप (ई), बम्बई-78 । | 01-03-89 |
| 2. | एम०एच०/35369 | मै० मिजन्स एडवर्टाईजिंग एसोसिएटस्, 521, मेकर चेम्बर न० 5, नरीमन पाइण्ट, बम्बई-21 । | 01-07-88 |
| 3. | 10245 | मै० ग्लोब इन्टरप्राईजिज, हाउस नं० 242, मोकोलवाडो अस्सागाव बारडेज—गोवा । | 01-08-89 |
| 4. | एम०एच०/29125 | मै० खोडासी हाईवे सर्विस, पुना बंगलौर हाईवे खोडसी, तालुक कराड, जिला सतारा । | 01-04-89 |
| 5. | एम०एच०/29074 | मै० यशवंत नागरी सहकारी पत संस्था लि०, 176, मंगलवार पेठ, कराड, जिला सतारा । | 01-01-89 |
| 6 | एम०एच०/35704 | मै० गन्नी ग्रे० यूरेस, ग्राउण्ड फ्लोर, पितरूछाया माधवी इस्टेट, गोवंडी स्टेशन रोड, बम्बई-88 और इसका पंजीकृत कार्यालय मातरूछाया 153/ए, जैन सोसायटी सियोन (वेस्ट), बम्बई-22 । | 01-06-89 |

अतः केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपयुक्त स्थापनाओं को उस या उन प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करते हैं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है ।

सं० के०भ०नि० आ०/ 1 (4) तमिलनाडु (188)/ 90/7629—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

| क्र० सं० | कोड नं० | स्थापना का नाम व पता | व्याप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | टी०एन०/24125 | मै०सी०अनानथी एण्ड कम्पनी, 60, साउथ राजा स्ट्रीट, टूटीकोरिन-1 | 01-03-90 |
| 2. | टी०एन०/22474 | मै० सिंह इन्टरप्राईजिज, 333 एस०एन०-चेट्टी स्ट्रीट, मद्रास-600081 । | 01-03-88 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 3. | टी०एन०/ 23626 | मैं० बी०पी० फाउन्ड्री 25, टी०एच० रोड, मद्रास-81 | 01-02-90 |
| 4. | टी० एन०/ 23570 | मैं० एकमर्पा ट्रेडिंग क०, 8, पाटुल्लाम रोड, मद्रास-2 | 01-01-90 |
| 5. | टी०एन०/ 23511 | मैं० एन०सी० आर्य स्नफ एण्ड सिगार कम्पनी, 19, डविडसन स्ट्रीट, मद्रास-1 और इसकी शाखा 8, गुरुनाथन स्ट्रीट, टन्नूर, त्रिची-17 | 31-12-89 |
| 6. | टी०एन०/ 23608 | मैं० वीरामुथु सिक्यूरिटी सर्विस, सं०15, 6वीं स्ट्रीट, अन्नाई शिवाकामी नगर, एन्नौर, मद्रास-57 | 01-09-89 |
| 7. | टी०एन०/ 23600 | मैं० ए० एल० इन्टरप्राईजिज 39, सेल्वा वीनायागार कोइल स्ट्रीट, बालकृष्णा नगर, थीरुवोट्टीयूर मद्रास-600 019 | 01-11-89 |
| 8. | टी०एन०/ 24122 | मैं० बाबू एजेन्सीज, 14, नेट्ट स्ट्रीट, डिंडीगुल-624001 | 31-12-89 |
| 9. | टी०एन०/ 24188 | मैं० मद्रास सस्पेन्शन्स (प्रा०) लिमिटेड, 344/5, अयानकोट्टाई, थानीचीयम विलेज, वादी पट्टी (तालुक) मदुरै जिला एवं इसके प्रशासनिक और पंजीकृत कार्यालय 32, वर्कशाप रोड पो०बा० 88 सेमाकल मदुरई-625001 और 36 वर्कशाप रोड मदुराई-625001 | 01-04-90 |
| 10. | टी०एन०/ 24182 | मैं० आर० पुडुकोट्टाई प्राईमरी एग्रीकलचरल कोआपरेटिव बैंक, आर० पुडुकोट्टाई पोस्ट, कोवीलूर वाया वेडसन्दूर तालुक, डींडीगल क्वायड-ए-मीलाथ जिला० | 28-2-90 |
| 11. | टी०एन०/ 24104 | मैं० जेमन कोटाई प्राईमरी एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, कोडानगी पट्टी पोस्ट वेडासान्दूर तालुक, डींडीगल क्वा०-इ-एम० जिला | 01-01-90 |
| 12. | टी०एन०/ 24085 | मैं० देवेया इस्टेट मनालूर, पेरूमबराय पोस्ट, डींडीगल तालुक, डींडीगुल, क्वायड-इ-मीलाथ जिला | 30-11-89 |
| 13. | टी०एन०/ 25019 | मैं० सगटुरक पाउडर कल्चीज (प्रा०) लिमिटेड 14-शिपकोट शोपिंग कम्पलैक्स होसूर-635126 | 01-01-90 |
| 14. | टी०एन०/ 12321 | मैं० अन्नामलायर टायर रिट्रेडिंग कम्पनी प्रा०लि०, 48, नमियानूर रोड नागाणा वलामु एरोड-9 और इसकी शाखा 14-नेहरू स्टेडियम कम्पलैक्स कोयम्बटूर-641018 | 01-04-82 |
| 15. | टी०एन०/ 24048 | मैं० अन्ना सिक्यूरिटी सर्विस 102 ए, वेस्ट मरियानाथापुरम डींडीगुल-624006 | 01-10-89 |
| 16. | टी०एन०/ 20799 | मैं० गणेश आयल मिल्स, 47, एटायापुरम रोड (एक्सटेंशन), टूटीकोरीन-2 | 01-12-88 |
| 17. | टी०एन०/ 24143 | मैं० वीरा एजेन्सीज 6-ए, सालानगर स्ट्रीट, टूटीकोरीन-628003 और इसका प्रशासनिक कार्यालय 52, ग्रेट स्ट्रीट काटन रोड, टूटीकोरिन-1 | 01-04-90 |
| 18. | टी०एन०/ 25036 | मैं० श्री मुथा इन्टरप्राईजिज, सा०-39, हाउसिंग यूनिट थाल्ली रोड, होसूर | 01-02-90 |
| 19. | टी०एन०/ 20940 | मैं० एस० के०डी० रामा-फाईबर्स, 167, कुरुजपुरम, टूटीकोरिन-1 | 01-05-89 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 20. | टी०एन०/ 21957 | मै० दी० नाल्लमपल्ली एसो० इंजीनियरिंग एण्ड सर्विस कोआपरेटिव सेंटर लि०, सं० के०के० 375, नाल्लमपल्ली—636807, धर्मपुरी जिला । | 01-10-89 |

अतः केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं को उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करते हैं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है ।

दिनांक 25 अक्तूबर 1990

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जाम/89/भाग-I/7795—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है । (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं बी. एन. सोम, प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने (अनुसूची-1 में) उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त पुना . . . . . से स्कीम की धारा 28(7) के अंतर्गत ढील प्रदान की है, 28-2-90 तक की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं ।

अनुसूची-1

| क्रम सं० | स्थापना का नाम | कोड संख्या | छूट की प्रभावी तिथि | के० ओ० फा० सं० |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | मैसर्स बजाज इलैक्ट्रीकल्स लि०, (मेथवेल यूनिट) आफिस नगर रोड, पुणे-411014 | एम० एच०/646 | 1-1-89 से 28-2-90 | 2/2123/89-डी० एल० आई० |
| 2. | मैससे सकल पेपरस प्रा० लि० 55, बुद्ध वारपेट-पुणे-411002, (इण्डिया) तथा इसके शाखायें इसी कोर्ड नम्बर के अन्तर्गत कवर्ड है जो बम्बई, कोलापुर तथा नासिक पर स्थित हैं । | एम० एच०/1225 | 1-1-89 से 28-2-90 | 2/2751/90-डी० एल० आई० |
| 3. | मैसर्स दत्तात्रैया इण्डस्ट्रीज, प्रा० लि०, 691, ए/1ए1, पुणे, सतारा रोड, पुणे-411037, साथ में इसकी बम्बई आफिस भी इसी कोड संख्या के अन्तर्गत कवर्ड है । | एम० एच०/2272 | 1-9-88 से 28-2-90 | 2/2718/90-डी० एल० आई० |
| 4. | मैसर्स इगल फ्लास्क इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा० लि० (प्लास्टिक डिविजन) इगल स्टेट, पो ओ० तलेगाव जनरल हास्पिटल, तलेगांव-410507, जिला पुणे | एम० एच०-4400-ए | 1-8-89 से 28-2-90 | 2/2717/90-डी० एल० आई० |
| 5. | मैसर्स इगल फ्लास्क इण्डस्ट्रीज (इण्डिया प्रा० लि० प्रोसेसिंग डिविजन) पी० ओ० तलेगांव जनरल हास्पिटल तलेगांव 410507, जिला पुना | एम० एच०/4400 | 1-8-88 से 28-2-90 | 2/2717/90-डी० एल० आई० |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 6. | मैसर्स इन्टरनेशनल कम्प्यूटरस इण्डिया मैन्यु-फैक्चरिंग लि०, नागर रोड, पुणे–411014 | एम० एच०/7125 | 1–8–89 से 28–2–90 | 2/921/83–डी० एल० आई० |
| 7. | मैसर्स पुना आक्सीजन एण्ड एक्टीलीन कं० (प्रा०) लि०, 40/41, हाडप्सर इण्डस्ट्रीयल इस्टेट, पुणे–411013 तथा इसी कोड नं० के अन्दर डिपो भी कवर्ड हैं। | एम० एच०/11370 | 1–12–89 से 28–2–90 | 2/2748/90–डी एल० आई० |
| 8. | मैसर्स रोप्लास (इण्डिया) लि०, 145, बम्बई पुणे रोड, पिम्प्री पुणे–411018 | एम० एच०/11779 | 1–12–89 से 28–2–90 | 2/2714/90–डी० एल० आई० |
